भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2160

01 अगस्त, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स रायपुर में स्वास्थ्य सेवा पेशेवर और बिस्तर

2160. श्री संतोष पांडेयः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एम्स, रायपुर से अन्य अस्पतालों में रेफर किए जाने वाले रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है,
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में किसी समिति के माध्यम से जांच के आदेश दिए हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या सरकार ने एम्स, रायपुर में चिकित्सकों, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और बिस्तरों की संख्या बढ़ाने के लिए कोई उपाय किए हैं; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत स्थापित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर 1098 बिस्तरों के साथ संचालित हैं। वर्ष 2024-25 में, संस्थान ने ओपीडी (बहिरंग विभाग) में 9,64,671 रोगियों और आईपीडी (अंतरंग विभाग) में 50,459 रोगियों का उपचार किया। इसी अवधि के दौरान संस्थान ने 47,073 रोगियों को आपातकालीन परिचर्या प्रदान की और मरीज सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाले मानक मेडिकल प्रोटोकोल के अनुरूप तथा परिचर्या की निरंतरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इनमें से 6006 रोगियों को नैदानिक मूल्यांकन, बिस्तर की उपलब्धता, विशेषज्ञ अंतःक्षेप की आवश्यकता के आधार पर स्थानांतरित किया गया।

(ङ) और (च): नए सुविधा केंद्रों के लिए पदों का सृजन एक सतत प्रक्रिया है। हाल ही में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीआईएम) योजना के अंतर्गत एम्स रायपुर के लिए 150 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक और 29 बिस्तरों वाली बर्न यूनिट की स्थापना को मंजूरी दी गई है।

*****